समाचार विज्ञप्ति

बीमा पर कार्रवाई करना

२६ जनवरी २०२३

अलबर्टा की सरकार निजी यात्री वाहन के बीमा दर में वृद्धि को 2023 के अंत तक रोक रही है।

कई अल्बर्टा वासिओं ने मौजूदा मुद्रास्फीति संकट के समय में निजी वाहनों के बीमा की सामर्थ्य के बारे में चिंता व्यक्त की है। २०२३ के अंत तक दरों को रोकने के अलावा, अल्बर्टा की सरकार गाड़िओं की बीमा दरों को स्थिर और कम करने के लिए लघु और दीर्घकालिक समाधान विकसित करना जारी रखेगी।.

जबकि इस शेष वर्ष के लिए कोई नई दर वृद्धि स्वीकृत नहीं की जाएगी, फिर भी,अलबर्टा के कुछ गाड़ी चालक २०२३ में अपने नवीनीकरण पर दरों में वृद्धि देख सकते हैं। यह पहले से स्वीकृत दर में परिवर्तन, गलती की वजह से हुए क्लेम या टिकट के कारण गाड़ी चालक के रिकॉर्ड में परिवर्तन,या फिर बीमा प्रोफाइल में परिवर्तन जैसे कि नया पता या फिर अलग वाहन का बीमा हो सकता है।

अलबर्टा की सरकार ने यह चिंता भी सुनी कि कुछ अलबर्टावासियों को अपनी गाड़ी के बीमा का वार्षिक भुगतान पहले ही करने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इससे सीझने के लिए, सरकार को बीमा कंपनियों को कहा है कि वो अधिकांश अलबर्टावासियों को अपने प्रीमियम भुगतान योजनाओं के माध्यम से करने की क्षमता प्रदान करें।

अल्बर्टा की सरकार ने २०२० की पतझड़ में सुधारों को लागू किया, जिससे दरों के और स्थिर होने की उम्मीद है। हालांकि, मुद्रास्फीति और ऑटो पार्ट्स की आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों जैसे कारकों ने अल्पावधि में सुधारों के असर को प्रभावित किया है।

अलबर्टा के बीमा बाजार पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और सरकार आगे और सुधारों के विकल्पों पर विचार करना जारी रखेगी।

उपभोक्ता युक्तियाँ

Classification: Public

- अलबर्टा के प्रतिस्पर्धी बाज़ार में, अलबर्टावासी अक्सर और जगह खरीदारी करके और अपने विकल्पों की खोज करके बेहतर दर प्राप्त कर सकते हैं।
- अलबर्टवासियों को सर्वोत्तम दरें प्राप्त करने के लिए अपनी बीमा कंपनियों या ब्रोकरों के साथ काम करना जारी रखना चाहिए।
- अच्छे ड्राइविंग व्यवहार के लिए छूट के अलावा, अलबर्टा चालकों को अपने घर और संपत्ति बीमा को एकट्ठा करने के लिए २० प्रतिशत तक की छूट मिल सकती है।
- अलबर्टा के पास ग्रिड रेटिंग प्रणाली में एक अद्वितीय उपभोक्ता संरक्षण है। बीमाकर्ताओं को ग्रिड प्रीमियम और अपने स्वयं के प्रीमियम को देखना चाहिए और मूल ऑटोमोबाइल रक्षण के लिए कम धन शुल्क होना चाहिए।.

सम्बंधित जानकारी

- बीमा
- बीमा अधीक्षक बुलेटिन और नोटिस
- अलबर्टा ऑटोमोबाइल बीमा दर बोर्ड
- ऑटो बीमा ग्रिड दर कैलक्यूलेटर
- सामर्थ्य कार्य योजना